मंत्रिपरिषद की बैठक

drishtiias.com/hindi/printpdf/council-of-ministers-meeting-2

चर्चा में क्यों?

9 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गए।

प्रमुख बिंदु

- इस बैठक में ज़िला खंडवा में दो नवीन तहसील किल्लौद एवं मूंदी, ज़िला टीकमगढ़ में एक नवीन तहसील दिगौड़ा और ज़िला बुरहानपुर में एक नवीन तहसील धूलकोट के गठन का अनुसमर्थन किया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा नीमच नगर में नगर पालिका स्वामित्व के महू-नसीराबाद रोड पर कनावटी के समीप 97,452 वर्ग मीटर भूमि के उपयोग को आवासीय से 'सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक' में उपांतरित किये जाने की शर्त पर चिकित्सा शिक्षा विभाग को मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिये आवंटित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में 11 नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने का अनुमोदन किया गया। इनमें शासकीय महाविद्यालय उदयनगर (ज़िला- देवास), शा. महाविद्यालय रैगाँव (ज़िला- सतना), शासकीय महाविद्यालय घुवारा (ज़िला- छतरपुर), शासकीय महाविद्यालय पिछोर (ज़िला- ग्वालियर), शासकीय महाविद्यालय जैसीनगर (ज़िला- सागर), शासकीय महाविद्यालय गोरमी (ज़िला- भिंड), शासकीय महाविद्यालय रजौधा (ज़िला- मुरैना), शासकीय महाविद्यालय अनूपपुर (ज़िला- अनूपपुर), शासकीय महाविद्यालय दिमनी (ज़िला- मुरैना), शासकीय महाविद्यालय रिठौराकलॉ (ज़िला- मुरैना) और शासकीय महाविद्यालय दिनारा (ज़िला- मुरैना) सम्मिलित हैं।
- पूर्व से संचालित पाँच शासकीय महाविद्यालय में नवीन विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय प्रारंभ करने और एक शासकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर तीन नवीन विषय प्रारंभ करने के लिये स्वीकृति दी गई।
- मध्य प्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश के अनुसार 'छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा' का नाम 'राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा' किये जाने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद द्वारा मान्य किया गया। अध्यादेश को आगामी विधानसभा-सत्र में विधेयक के रूप में पारित कराने के लिये उच्च शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा भोपाल स्थित क्षय रोग चिकित्सालय का उन्नयन रीजनल इंस्टीट्यूट फॉर रेस्पिरेटरी डिजीज़ में किये जाने के लिये स्वीकृति प्रदान दी गई।